**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3722**
**(12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पात्र परिवारों की पहचान**

**3722. श्री आलोक शर्मा:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्रीमती हिमाद्री सिंहः**
**श्री अभिमन्यु सेठी:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या हैं और अब तक निर्मित कुल आवासों की राज्य-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना सूची और आवास एवं आवास प्लस सर्वेक्षण के अनुसार चिह्नित पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं;

(ग) यदि हाँ, तो राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का ब्यौरा क्या है और उनके निर्माण की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) से (घ)**:** ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में "सभी के लिए आवास" उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाले पक्के आवासों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करना है। पीएमएवाई-जी के तहत, प्रारंभिक लक्ष्य वित्त वर्ष 2016-17 से 2023-24 के दौरान 2.95 करोड़ आवासों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करना था। भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान 2 करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने हेतु योजना के कार्यान्वयन का अनुमोदन प्रदान किया है।

पीएमएवाई-जी के अंतर्गत लाभार्थियों की पहचान सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) 2011 आंकड़ों और अंतिम रूप से तैयार आवास+ 2018 सर्वेक्षण सूची के तहत आवास अभाव मानकों के आधार पर की जाती है। भारत सरकार ने आवास+ (2018) सूची (अद्यतन किए जाने के बाद) से पूर्णतः लाभ प्रदान करने और एसईसीसी 2011 पीडब्ल्यूएल में पात्र परिवारों

को शेष 2 करोड़ की कुल सीमा के भीतर सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) को जारी रखने की भी अनुमोदन प्रदान किया है।

दिनांक 07.08.2025 तक संचयी आवासों, मंत्रालय द्वारा आवंटित लक्ष्यों तथा स्वीकृत एवं निर्मित आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

"पात्र परिवारों की पहचान" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 12.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3722 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 07.08.2025 तक मंत्रालय द्वारा आवंटित संचयी लक्ष्यों, पीएमएवाई-जी के अंतर्गत स्वीकृत और निर्मित आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

[इकाई संख्या में]

| क्र सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | मंत्रालय द्वारा आवंटित संचयी लक्ष्य | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वीकृत संचयी आवास | निर्मित आवासों की संचयी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 35,937 | 35,591 | 35,591 |
| 2 | असम | 29,87,868 | 28,88,011 | 20,77,817 |
| 3 | बिहार | 50,12,752 | 49,02,754 | 38,43,375 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 26,42,224 | 23,82,101 | 15,10,844 |
| 5 | गोवा | 257 | 254 | 242 |
| 6 | गुजरात | 9,02,354 | 8,29,340 | 6,03,372 |
| 7 | हरियाणा | 1,06,460 | 74,937 | 41,173 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 1,21,502 | 97,535 | 37,364 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 3,36,498 | 3,34,771 | 3,13,878 |
| 10 | झारखंड | 20,12,107 | 19,39,824 | 15,72,485 |
| 11 | केरल | 2,32,916 | 76,238 | 34,380 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 57,74,572 | 49,40,230 | 38,81,246 |
| 13 | महाराष्ट्र | 43,70,829 | 41,03,400 | 14,02,311 |
| 14 | मणिपुर | 1,08,550 | 1,01,549 | 56,711 |
| 15 | मेघालय | 1,88,034 | 1,85,763 | 1,50,086 |
| 16 | मिजोरम | 29,967 | 29,959 | 25,323 |
| 17 | नागालैंड | 48,830 | 48,747 | 36,238 |
| 18 | ओडिशा | 28,49,889 | 28,10,721 | 24,26,175 |
| 19 | पंजाब | 1,03,674 | 76,689 | 41,740 |
| 20 | राजस्थान | 24,97,121 | 24,32,356 | 17,53,137 |
| 21 | सिक्किम | 1,399 | 1,397 | 1,393 |
| 22 | तमिलनाडु | 9,57,825 | 7,42,923 | 6,47,487 |
| 23 | त्रिपुरा | 3,76,913 | 3,76,272 | 3,71,295 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 36,85,704 | 36,56,195 | 36,38,625 |
| 25 | उत्तराखंड | 69,194 | 68,534 | 68,218 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 45,69,423 | 45,69,032 | 34,19,593 |
| 27 | अंडमान और निकोबार | 3,424 | 2,593 | 1,302 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **28** | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 11,364 | 10,935 | 5,073 |
| **29** | लक्षद्वीप | 45 | 53 | 45 |
| **30** | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| **31** | आंध्र प्रदेश | 2,47,114 | 246,930 | 88,995 |
| **32** | कर्नाटक | 9,44,140 | 5,20,862 | 1,58,520 |
| **33** | तेलंगाना | 0 | 0 | 0 |
| **34** | लद्दाख | 3,004 | 3,004 | 3,004 |
| | कुल | **4,12,31,890** | **3,84,89,500** | **2,82,47,038** |

नोट: पीएमएवाई-जी संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली, चंडीगढ़ और पुदुचेरी में कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तेलंगाना राज्य ने योजना की शुरुआत अर्थात दिनांक **01.04.2016** से पीएमएवाई-जी को लागू नहीं किया है।

*****